गेल लिमिटेड (इंडिया)

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

(एक महारत्न कंपनी)

विज्ञापन सं. : गेल/मुंबई/ एच आर /मेडिकल _कंस्लटेंट /2022/01

पार्ट टाइम के आधार पर अंशकालिक मेडिकल प्रोफेशनल के लिए वॉक-इन इंटरव्यू

गेल (इंडिया) लिमिटेड सार्वजनिक क्षेत्र की एक महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जो प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रोसेसिंग, संचरण, वितरण एवं विपणन सहित) के समस्त पहलुओं तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है। तेज़ी से बदलते परिवेश में गेल स्वच्छ ईंधन औद्योगिकीकरण के नए युग का प्रवर्तक है जिसके लिए इसने एक स्वच्छ ऊर्जा कॉरिडोर चतुर्भुज का सृजन किया है, जो भारत के बड़े उपभोक्ता केन्द्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों तथा अन्य सीमा पार गैस स्रोतों से जोड़ता है। गेल अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में अपनी अजेय उपस्थिति के लिए अपने कारोबार में विस्तार भी कर रहा है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड अंशकालिक आधार पर निम्नलिखित पद के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड वाले होनहार, ऊर्जावान प्रशिक्षित एवं कर्मठ चिकित्सक की आवश्यकता है:

पद का नाम	न्यूनतम आवश्यक योग्यता	अनुमत दौरे और अवधि	रिक्तियों की संख्या	टिप्पणियां
पार्ट टाइम-मेडिकल कंसल्टेंट	एमसीआई मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री (एमबीबीएस)।	गेल भवन कार्यालय के प्रत्येक दौरे जो सप्ताह में 2 दिन होंगे एवं इसकी अवधि 2 घंटे की होगी। गेल आशियाना टाउनशिप, बेलापुर सीबीडी के लिए प्रत्येक दौरे जो सप्ताह में 1 दिन 1 घंटे के लिए होगी। गेल अलाया टाउनशिप, बांद्रा के प्रत्येक दौरे जो सप्ताह में 1 दिन प्रत्येक यात्रा के लिए 1 घंटे।	01	वाक इन इंटरव्यू

वॉक-इन-इंटरव्यू: पार्ट टाइम मेडिकल कंसल्टेंट के पद के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि अपने सभी संबंधित मूल दस्तावेज और उनकी एक फोटोकॉपी तथा भरा हुआ आवेदन अपने साथ लाएं।

क्रमांक	**मद**	**विवरण**
1	दिनांक	22.08.2022
2	दिन	सोमवार
3	रिपोर्टिंग समय	पूर्वाह्न 11:00 बजे अपराह्न 13:00 बजे तक
4	स्थान	गेल (इंडिया) लिमिटेड, गेल भवन, दौशा राम महात्रे मार्ग, सेक्टर 15, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई, महाराष्ट्र, 400614

- परामर्श शुल्क निम्नलिखित के अनुसार देय होगा:

चिकित्सा प्रोफेशनल	परामर्श शुल्क प्रति घंटा
चिकित्सा परामर्श शुल्क	₹2500/-

- चिकित्सा प्रोफेशनल को निवास स्थान से गेल भवन, मुंबई आने – जाने के लिए प्रति किलो मीटर रु. 14/- की दर से स्थानीय परिवहन शुल्क का भुगतान किया जाएगा जिसकी अधिकतम सीमा 40 किलोमीटर प्रति दिन या वास्तविक पर।
- यह नियुक्ति पूर्णत:अंशकालिक एवं अस्थायी आधार पर है। नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि छह महीने के लिए होगी। प्रदर्शन के आधार पर नियुक्ति की अवधि आगे बढ़ाई जा सकती है, हालांकि नियुक्ति की कुल अवधि 18.08.2025 से अधिक नहीं होगी।
- प्रदान की जाने वाली सेवाओं का स्थान: गेल (इंडिया) लिमिटेड, गेल भवन, दौशा राम महात्रे मार्ग, सेक्टर 15, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई, महाराष्ट्र, 400614 होगा।

पार्ट टाइम मेडिकल प्रोफेशनल के पद के लिए उम्मीदवार संलग्न आवेदन प्रारूप को डाउनलोड कर सकते हैं और 22.08.2022 को वॉक-इन इंटरव्यू के दौरान विधिवत हस्ताक्षरित सभी आवश्यक दस्तावेजों के एक सेट की फोटोकॉपी और 2 रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो अपने साथ लाएं। किसी भी प्रश्न के लिए, उम्मीदवार वरिष्ठ अधिकारी (मा.सं) गेल, मुंबई से लैंडलाइन: 022-27581201 एक्सटेंशन 346 पर संपर्क कर सकते हैं।

****